* A D - 2 1 0 0 8 *

# AD-21008

Seat No. ________

## Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

**February – 2016**

## Hindi : Paper - VIII

**(भाषा–शिक्षण) (New Course)**

Time : 3 Hours] [Total Marks : **100**

**सूचना :** (1) कुल छः प्रश्न है ।

(2) प्रथम चार प्रश्न निबंधात्मक है ।

(3) पाँचवा प्रश्न लघुत्तरी है ।

(4) छः प्रश्न अतिलघुत्तरी है ।

(5) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर मुख्य उत्तरपोथी में लिखने हैं ।

(6) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दर्शाये गये हैं ।

**1** हिन्दी–भाषा की परिभाषा देते हुए उनके उद्भव एवं विकास–यात्रा की चर्चा कीजिए । **15**

**अथवा**

**1** राजभाषा और राष्ट्रभाषा के अंतर को स्पष्ट करते हुए हिन्दी के अखिल भारतीय रूप को उद्घाटित कीजिए । **15**

**2** देश की शिक्षा–नीति पर प्रकाश डालते हुए त्रि–भाषा सूत्र को समझाइए । **15**

**अथवा**

**2** भाषा–शिक्षण के विभिन्न प्रयोजनों को स्पष्ट कीजिए । **15**

**3** भाषा–कौशल के संदर्भ में श्रवण, पठन, लेखन जैसे सोपानों की चर्चा कीजिए । **15**

**अथवा**

**3** भाषा के क्षेत्र में तकनीकी संबंधी संरचनात्मक विधियों को स्पष्ट कीजिए । **15**

**4** हिन्दी की संरचनाएँ – ध्वनि, शब्द, पद, वाक्य और अर्थ का परिचय दीजिए । **15**

**अथवा**

**4** स्थान एवं प्रयत्न के आधार पर हिन्दी व्यंजनों को सोदाहरण समझाइए । **15**

5 किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : **20**

(1) भाषा–शिक्षा में व्याकरण का महत्त्व ।

(2) भाषा–शिक्षण में दृश्य–श्रव्य साधनो की उपयोगिता ।

(3) भाषा–शिक्षण के लक्ष्य ।

(4) मातृभाषा और सम्पर्क भाषा ।

6 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक–एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **10**

(1) हिन्दी–आंदोलन से जुड़े हुए किसी एक महानुभाव का नाम लिखिए ।

(2) वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई थी ?

(3) वर्ष–2015 में विश्व–हिन्दी–सम्मेलन कहाँ हुआ था ?

(4) हिन्दी–सेवी–संस्था गूजरात विद्यापीठ की स्थापना कब हुई थी ?

(5) अपभ्रंस का अर्थ क्या होता है ?

(6) पूर्वी हिन्दी की कौन–कौन सी बोलियाँ हैं ?

(7) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा का समय क्या है ?

(8) हिन्दी के प्रथम व्याकरणकार कौन माने जाते है ?

(9) 'अनुवादविज्ञान' ग्रंथ के लेखक कौन है ?

(10) पदों को मिलाने से क्या बनता है ?

(ब) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त विकल्प चुनकर कीजिए : **10**

(1) भाषा __________ सम्पत्ति है ।

(पारिवारिक, सामाजिक, व्यक्तिगत, राजनीतिक)

(2) दृश्य–आधारित शिक्षा–विधि में __________ साधन का समावेश होता है ।

(रेडियो, टेपरेकोर्डर, टेलिविज़न)

(3) हिन्दी–भाषा की उपभाषाएँ __________ हैं ।

(दो, चार, पाँच)

(4) हिन्दी–भाषा की बोलियाँ __________ हैं ।

(12, 15, 17)

(5) हिन्दी–भाषा __________ परिवार के अंतर्गत समाविष्ट होती है ।

(भारोपीय, चीनी, द्रविड़)

(6) काशीनागरी प्रचारिणी सभा–बनारस की स्थापना __________ में हुई थी ।

(सन् 1890, सन् 1893, सन् 1910)

(7) जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है उन्हें __________ कहते है ।

(लक्ष्यभाषा, स्रोतभाषा, मातृभाषा)

(8) 'संज्ञा' के लिए गुजराती में __________ शब्द प्रयुक्त होता है ।

(सर्वनाम, नाम, विशेषण)

(9) हिन्दी–साहित्य अकादमी – दिल्ही की ओर से __________ पत्रिका प्रकाशित होती है ।

(समकालीन साहित्य, हंस, सारिका)

(10) संसद द्वारा राजभाषा अधिनियम __________ वर्ष में पारित किया गया था ।

(1947 ई.सन्, 1948 ई.सन्, 1949 ई.सन्)